वीयू – कौशल विकास एवम कुक्कुट उद्यमिता हेतु बैकयार्ड कुक्कुट पालन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय जबलपुर में दिनांक 16–20 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. वैशाली खरे की अगुवाई एवं सिंजेंटा फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से मुर्गीपालन उद्यमियो हेतु पांच दिवसीय कुक्कट पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 25 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.एस.एस. तोमर, संचालक प्रक्षेत्र, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. सुनील नायक, डॉ. आर.पी. नेमा, डॉ. आदित्य मिश्रा साथ ही सिंजेंटा फाउंडेशन के श्री संगमेश, श्री गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीति एवम आभार प्रदर्शन डॉ. गिर्राज गोयल द्वारा किया गया। डॉ. तोमर ने प्रशिक्षणार्थियो को कुक्कुट पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने की सलाह दी एवं प्रशिक्षणार्थियों को छोटे स्तर से कुक्कुट पालन करने के लिए प्रेरित किया और इसे अधिक आमदनी एवं मुनाफेदार व्यवसाय बताया। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों प्रशिक्षणार्थियों को कुक्कुट पालन से जुड़े सभी विषयों पर सैद्धांतिक एवम प्रायोगिक व्याख्यान देंगे। यह प्रशिक्षण सिंजेंटा फाउंडेशन एवम नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर